दिनांक : 02.03.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

मुख्यमंत्री- किसान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के हित में निरंतर निर्णय लेती जा रही है। उन्होंने कहा कि गेहूं को खरीदने के लिए 2600 रुपए प्रति क्विंटल की राशि न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में निर्धारित की गई। समर्थन मूल्य के अलावा किसानों को भुगतान के लिए 175 रुपए बोनस देने की व्यवस्था की गई है। इसी तरह राज्य सरकार अब धान उपार्जन के लिए प्रति हेक्टेयर 4000 रुपए की राशि किसानों के खाते में डालने जा रही है। मुख्यमंत्री आज अपने निवास पर आयोजित किसान आभार सम्मेलन में हिस्सा लिया।

इसके पहले मुख्यमंत्री ने आज भोपाल के कोलार रोड स्थित इस्कॉन मंदिर में श्री श्री राधा गोविंद मंदिर का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि यह दिव्य स्थल भक्तों के लिए श्रद्धा, संस्कृति और संस्कारों का केंद्र बनेगा।

पीएम-रमजान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री मोदी ने कामना की कि रमजान से समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा मिले। प्रधान मंत्री ने जोर देकर कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है और देशवासियों को करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की भी याद दिलाता है।

वेव्स-2025

युवा पीढ़ी को संगीत की समृद्ध सुंदरता और विविधता से अवगत कराने के लिए वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट यानि वेव्स, बैटल ऑफ़ द बैंड्स की सफलता के बाद, अब बैटल ऑफ़ द बैंड्स ग्लोबल प्रस्तुत कर रहा है। यह रोमांचकारी नई पहल बड़े पैमाने पर दर्शकों को आकर्षित करने के लिए की गई है। यह कार्यक्रम प्रसार भारती और सारेगामा के सहयोग से 1 से 4 मई, तक होने वाले वेव्स सीज़न वन के क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के अंतर्गत बैंड्स को प्रतिभा दिखाने के लिए एक अविश्वसनीय मंच प्रदान करता है।

यह सम्मेलन मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित किया जाएगा। वेव्स प्रसारण और इन्फोटेनमेंट, एवीजीसी -एक्सआर, डिजिटल मीडिया और नवाचार तथा फ़िल्म इन चार प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के मनोरंजन उद्योग के भविष्य को प्रदर्शित करने के लिए लीडर्स, रचनाकारों और प्रौद्योगिकीविदों को एक साथ लाएगा। इसमें सम्मिलित होने के लिए अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 है।

निर्वाचन आयुक्त-पेंच

राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं कॉन्फ्रेंस का आयोजन आज सिवनी जिले में स्थित पेंच राष्ट्रीय उद्यान में हो रहा है। इसमें 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त सहभागिता कर रहे हैं,। वे स्थानीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आई चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। साथ ही नवाचारों और सुधारों से भी अवगत कराएंगे। कॉन्फ्रेंस में स्थानीय निकायों के निर्वाचन में नई तकनीकों के उपयोग पर भी चर्चा होगी।

क्रिकेट मैच

आई सी सी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आखिरी ग्रुप मैच में आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अब से कुछ देर बाद शुरू होने जा रहा है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं। आज के मैच में हर्षित राना की जगह वरूण चक्रवर्ती को खिलाया जा रहा है।

समाचार संक्षेप में :-

s आगरमालवा जिले के सोयतकला महाविद्यालय में युवा जागरूकता अभियान के तहत कल पीएमआईएस दिवस मनाया गया। इसमें बताया गया कि 500 कंपनियों द्वारा एक साल के लिये इंटर्नशिप शुरू की जा रही है।

s विदिशा जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिये जिला मुख्यालय पर सर्वेयरों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

s स्वतंत्रता सेनानी, कवयित्री और देश की पहली महिला गवर्नर सरोजनी नायडू की आज पुण्यतिथि है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया।